आपसी समझपत्र

Memorandum of Understanding

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर(प्रथम पक्ष)

राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2003 में स्थापित आयुर्वेद विश्वविद्यालय है जिसमें आयुष स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावारिधि (पीएच0डी0) का पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है।

एवं

उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून (द्वितीय पक्ष)

उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून उत्तराखण्ड सरकार द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय है जिसमें आयुष स्नात्तक, स्नातकोत्तर एवं विद्यावारिधि (पीएच0डी0) का पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है।

दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों के मध्य आयुर्वेद में किये जा रहे नवाचारों के ज्ञान एवं शोध क्षेत्र में विकास के उद्धेश्य से दोनों विश्वविद्यालयों के मध्य आज दिनांक 01 फरवरी 2019 को इस आपसी समझपत्र **Memorandum of Understanding** पर निम्नानुसार सहमति की जा रही है-

1. दोनों विश्वविद्यालय इस **MOU** के माध्यम से सहमत है कि दोनों विश्वविद्यालयों में आयुर्वेद संकाय के स्नातक पाठ्यक्रम एवं प्रत्येक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों में से प्रति कक्षा एक विद्यार्थी प्रतिवर्ष एक सप्ताह की अवधि के लिए एक दूसरे विश्वविद्यालय के परिसरीय महाविद्यालय में अध्ययनार्थ आ/जा सकेगा।
2. उक्त एक सप्ताह की अवधि में प्रवासी विद्यार्थियों/अध्येयताओं की आवास एवं भोजन व्यवस्था में मेजबान विश्वविद्यालयों द्वारा की जायेगी किन्तु आने जाने की यात्रा का व्यय भार सम्बन्धित विश्वविद्यालय द्वारा ही वहन किया जाएगा।
3. प्रवासी विद्यार्थी/अध्येता अपने प्रवास के अन्त में अपने एक सप्ताह की अवधि में अर्जित ज्ञान का संक्षिप्त विवरण दोनों विश्वविद्यालयों को प्रस्तुत करेंगे।
4. दोनों विश्वविद्यालय भविष्य में भी शिक्षको/विद्यार्थियो/अध्येताओं के ज्ञान एवं कौशल वृद्धि एवं विस्तार के उद्धेश्य से अन्य अनेक शैक्षणिक एवं शोध कार्यक्रम/योजनाओं का हस्तान्तरण करेंगे।

उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून उत्तराखण्ड की ओर से	डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनृ राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर की ओर से
प्रो0 (डॉ.) अभिमन्यु कमार कुलपति उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून	प्रो0 (डॉ.) राधेश्याम शर्मा कुलपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णनृ राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर

साक्षी

- प्राचार्य, यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ आयुर्वेद, जोधपुर
- डॉ. रीना पाण्डेय, प्रोफेसर बालरोग विभाग, उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय, देहरादून